दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 26.09.2023

प्रकाशनार्थ

दिनांक 26.09.2023 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ पी.जी कॉलेज गोरखपुर के वाणिज्य विभाग एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वाधान में बी.कॉम. तृतीय वर्ष एवं एम.कॉम. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों हेतु कैरियर काउंसलिंग एवं इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अविनाश श्रीवास्तव, बालाजी एकेडमी, गोरखपुर ने विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि कैरियर काउंसलिंग की मदद से विद्यार्थी अपने अंदर के हुनर को पहचान पाते हैं जिससे उन्हें कैरियर का चयन करने में कोई परेशानी नहीं होती है। जिस विद्यार्थी की रूचि जिस क्षेत्र में रहती है, उस क्षेत्र में कैरियर काउंसलिंग की मदद से एक स्पष्ट सोच विकसित की जाती है। जिससे उसके स्किल में निखार आ सके।

डॉ. अविनाश जी ने रोजगार प्राप्त करने कि संभावनाओं पर बोलते हुए कहा कि आज के प्रतियोगी परिवेश में अगर सफलता प्राप्त करना है तो तकनीकी शिक्षा का ज्ञान होना बहुत आवश्यक है यही कारण हैं की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में तकनीकी शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है और विद्यार्थी अपने विषय के ज्ञान के साथ–साथ विभिन्न तकनीकी क्षेत्र में भी पारंगत हो सकता है और शिक्षा पूर्ण होते ही रोजगार प्राप्त होने की संभावनाओं को बल मिलता है।

कार्यक्रम की प्रस्ताविकी प्लेसमेंट सेल संयोजक डॉ. पवन कुमार पाण्डेय द्वारा, संचालन श्री दीपक कुमार साहनी ने किया गया तथा आभार ज्ञापन कार्यक्रम अध्यक्ष वाणिज्य विभाग के प्रभारी डॉ. संजीव कुमार सिंह के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक डॉ. संजय कुमार त्रिपाठी, डॉ. चंडी प्रसाद पांडे, डॉ. सुभाष गुप्ता सहित वाणिज्य संकाय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

उक्त जानकारी मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने दी।

(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क